जयपुर (राजस्थान) से प्रकाशित एवं दिल्ली, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, गुजरात, उत्तराखंड, छत्तीसगढ़, बिहार, हिमाचल प्रदेश और झारखण्ड राज्यों में प्रसारित

(DAVP-CODE No. 120390) भारत सरकार का रजि. नं. 10311/1965


साप्ताहिक

# हमारा वतन

देश का अपना अखबार

ہمارا وطن ہفت روزہ

संस्थापित 1965



संस्थापक
स्व. श्री राजेन्द्र कुमार 'अजेय'
स्वतंत्रता सेनानी



संरक्षक
स्व. श्री बाबू लाल सैनी



सम्पादक
राम गोपाल सैनी

www.hamarawatan.com  FOLLOW US:- Hamarawatan | Hamarawatan65 | Hamarawatan3 | YouTube Hamarawatan

वर्ष- 59 | अंक-14 | जयपुर, सोमवार, 10 अप्रैल, 2023 | वार्षिक शुल्क 200 रुपये (एक प्रति 4 रु.) | पृष्ठ संख्या 4

# राजस्थान में 24 अप्रेल से प्रशासन गांवों/शहरों के संग अभियान के साथ लगेंगे महंगाई राहत कैंप



जयपुर **(हमारा वतन)** राज्य की जनकल्याणकारी और महंगाई से राहत दिलाने वाली योजनाओं को लेकर राज्य सरकार शहरी वार्डों से लेकर गांवों में शिविर लगाएगी। प्रदेश में 24 अप्रेल से 30 जून तक प्रशासन गांवों/शहरों के संग अभियान के साथ-साथ महंगाई राहत कैंप आयोजित होंगे। इनमें आमजन और वंचित वर्ग को जनोपयोगी घोषणाओं के बारे में जानकारी देकर पात्रता अनुसार योजनाओं से जोड़ा जाएगा। पंचायती राज एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा 'प्रशासन गांवों के संग अभियान' तथा नगरीय विकास, आवासन एवं स्वायत्त शासन विभाग द्वारा 'प्रशासन शहरों के संग अभियान' आयोजित होंगे।

**11283 ग्राम पंचायतों और 7500 शहरी वार्ड में शिविर**

ग्रामीण क्षेत्रों की 11283 ग्राम पंचायतों में प्रशासन गांवों के संग अभियान और शहरी 7500 वार्डों में प्रशासन शहरों के संग अभियान के 2 दिवसीय शिविरों का आयोजन होगा। इन शिविरों में महंगाई राहत कैंप के विशेष काउंटर भी लगाए जाएंगे।

**विभिन्न स्थानों पर 2700 महंगाई राहत कैंप**

प्रदेश में 2000 स्थानों पर स्थाई महंगाई राहत कैंप लगाए जाएंगे। ये कैंप राजकीय अस्पतालों, गैस एजेंसी, बस स्टैंड, प्रमुख बाजारों, शॉपिंग मॉल्स, हवाई अड्डा, रेलवे स्टेशन, जिला कलेक्ट्रेट कार्यालय, पंचायत समिति, नगरपालिका सहित अन्य राजकीय कार्यालयों व सार्वजनिक स्थलों पर लगेंगे। साथ ही ग्रामीण क्षेत्र में प्रत्येक पंचायत समिति स्तर पर प्रशासन गांवों के संग अभियान के साथ एक-एक महंगाई राहत कैंप लगेगा। शहरी क्षेत्र में प्रत्येक नगरपालिका स्तर पर एक, नगरपरिषद स्तर पर 2 एवं नगर निगम स्तर पर 4 महंगाई राहत कैंप लगाए जाएंगे।

**मुख्य सचिव ने दिए तैयारियों के निर्देश**

शिविरों के आयोजन को लेकर मुख्य सचिव श्रीमती उषा शर्मा ने शनिवार को शासन सचिवालय में बैठक ली।

उन्होंने वीसी के माध्यम से संबंधित विभागीय अधिकारियों, समस्त संभागीय आयुक्त एवं जिला कलक्टर्स को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। आमजन और वंचित वर्ग को महंगाई से राहत देने तथा उनकी दैनिक आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए राज्य सरकार ने बजट 2023-24 में कई जनकल्याणकारी घोषणाएं की है। महंगाई राहत कैंपों के आयोजन से इन घोषणाओं को जन-जन तक पहुंचाने तथा मिशन मोड में प्रभावी और समयबद्ध क्रियान्वयन में मदद मिलेगी।

## शिविरों में मिलेगी राहत

इन शिविरों में मुख्यमंत्री गैस सिलेंडर योजना, मुख्यमंत्री निःशुल्क बिजली योजना, मुख्यमंत्री निःशुल्क अन्नपूर्णा फूड पैकेट योजना, महात्मा गांधी नरेगा, इंदिरा गांधी शहरी रोजगार गारंटी योजना, सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना, पालनहार योजना, मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना तथा मुख्यमंत्री चिरंजीवी दुर्घटना बीमा योजना सहित विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। साथ ही आमजन को मौके पर ही योजनाओं का लाभ मिलेगा। शिविरों में जनाधार कार्ड में सम्मिलित किसी भी परिवार का वयस्क सदस्य पात्रता अनुसार पंजीकरण भी करा सकता है।

## पवनसुत (कविता)

सिया-राम के असीम स्नेह की
पुत्रवत प्रेम की धार पवनसुत

भक्त वत्सल करुणानिधान के
करुणा के मुक्ताहार पवनसुत

शत्रु समक्ष युद्ध कौशल में दक्ष
रघुपति की ललकार पवनसुत

भक्ति के अभिव्यक्ति की शक्ति के
प्रथम पूज्य आधार पवनसुत

रघुपति के हिय में हैं बसते
भरत के सम प्रिय यार पवनसुत

राम की शक्ति से अभिसिंचित
कायामय और निराकार पवनसुत

निज भक्तों पर कृपा बरसाते
हर क्षण रहते हैं मयार पवनसुत

जो पूर्ण हृदय से ध्यान करे
उनपर सर्वस्व न्योछार पवनसुत

**- सिद्धार्थ गोरखपुरी**



# महात्मा ज्योतिबा फुले राष्ट्रीय संस्थान की मीटिंग का हुआ आयोजन

जयपुर (हमारा वतन) महात्मा ज्योतिबा फुले राष्ट्रीय संस्थान की चौमूं इकाई की मीटिंग का आयोजन संस्थान के अध्यक्ष दिनेश कुमार सैनी की अध्यक्षता में एवं विष्णु कुमार सैनी चेयरमैन के निर्देशन में हुआ । मीटिंग में आगामी 10 अप्रैल को प्रस्तावित महात्मा ज्योतिबा फुले जयंती समारोह मनाने हेतु विचार विमर्श किया गया । इस अवसर पर समाज के गत चार सत्रों में नियुक्त अधिकारी कर्मचारियों का सम्मानित करने का निर्णय लिया गया । इस दौरान घीसालाल सैनी अध्यक्ष माली समाज विकास समिति चौंमू, महामंत्री मदन लाल बागड़ी, संयुक्त मंत्री कन्हैयालाल पापटवान, राधेश्याम तवंर संरक्षक, हीरालाल पांच्या, छितरमल बबेरवाल महामंत्री भवन निर्माण समिति, दीपक कुमार सैनी संयुक्त मंत्री संस्थान, भंवर लाल पापटवान कोषाध्यक्ष, गैंदी लाल सैनी महासचिव संस्थान आदि लोग मौजूद रहे ।





# 16 अप्रैल को जयपुर में आयोजित होगा अहीर जनजागृति सम्मेलन

जयपुर **(हमारा वतन)** राजस्थान में विधाधसभा चुनावों से पहले एससी-एसटी, ब्राह्मण और राजपूत समाज के बाद अब यादव समाज ने भी शक्ति प्रदर्शन की तैयारी कर ली है। अहीर (यादव) समाज ने भी शक्ति प्रदर्शन का एलान कर दिया है। आधिकारिक रूप से इसे सेना में अहीर रेजिमेंट की मांग को लेकर चलाए जा रहे आंदोलन के लिए जनजागृति सम्मेलन का नाम दिया जा रहा है, लेकिन मंच से कई अन्य मुद्दों पर भी बात होगी।



यादव समाज के लोगों ने आज कालाडेरा रोड, एच पी पेट्रोल पंप ,कॉलेज मोड़ के पास विश्व यादव परिषद कार्यालय पर प्रेस वार्ता की। इस दौरान उन्होंने जन जागृति सम्मलेन के पोस्टर का विमोचन भी किया। यादव समाज द्वारा सेना में अहीर रेजिमेंट की मांग को लेकर चलाए जा रहे आंदोलन से जुड़े मेंबर कोर कमेटी अहीर रेजिमेंट रामदेव यादव व गोविंदगढ़ प्रधान रामस्वरूप यादव का कहना है कि 16 अप्रैल रविवार को मानसरोवर स्थित वीटी रोड ग्राउंड पर अहीर जनजागृति सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। इसका मुख्य उद्देश्य एक ही है कि सेना में अहीर रेजिमेंट का गठन किया जाए। यह मांग हमारी बहुत वर्षों से चली आ रही है। मेंबर कोर कमेटी अहीर रेजिमेंट रामदेव यादव एवं गोविंदगढ़ प्रधान रामस्वरूप यादव ने कहा कि अहीर रेजिमेंट के साथ ही हमारी कई और भी मांगें हैं। इसके साथ ही शहीद राव तुलाराम के बलिदान दिवस को सार्वजनिक अवकाश घोषित करने, उनके नाम पर जयपुर में एक मुख्य मार्ग का नामकरण किया जाए। इस तरह की कई मांगें हैं। जो 16 अप्रैल को मंच के माध्यम से साझा की जाएंगी।

पूरा यादव समाज एकजुट होकर चेताना चाहते हैं कि हमारे समाज के वीरों ने बलिदान दिया है। उन्हें मान-सम्मान मिले। हमारे पूर्वजों ने जो मान- सम्मान की लड़ाई लड़ी है। हम उसे आगे बढ़ाना चाहते हैं। हालांकि उन्होंने स्पष्ट किया कि ये कार्यक्रम राजनीती से प्रेरित नहीं है। यह पूरे यादव समाज का कार्यक्रम है। हमारे समाज के सभी संगठन एकजुट होकर इसका आयोजन करने जा रहे हैं।

प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान रामस्वरूप यादव (प्रधान गोविन्दगढ़), रामदेव यादव, (मेंबर, कोर कमेटी अहीर रेजीमेंट) दिनेश यादव, बाबुलाल यादव, अर्जुन यादव, मालीराम यादव मोरीजा, बाबुलात, महेश, मीताराम जिनवानिया, मोहन लाल, गिरधारी, सुवालाल, सोहनलाल, विरेन्द्र, यादव, गगन, श्रवण, संजीव, राजेश यादव, भगवान सहाय यादव, वरिष्ठ मिडिया प्रभारी आदि उपस्थित रहे।

# अब शहीदों के माता-पिता को मिलेगा वीर माता-पिता का पहचान पत्र



जयपुर **(हमारा वतन)** राज्यपाल कलराज मिश्र की पहल पर सैनिक कल्याण विभाग द्वारा अब शहीद माता को 'वीर माता' और शहीद पिता को 'वीर पिता' पहचान पत्र जारी किया जाएगा। इसी तरह शहीद सैनिकों और गैलेंट्री अवार्ड से अलंकृत सैनिकों के नाम से विद्यालयों या सार्वजनिक स्थलों के नामकरण की नीति में सरलीकरण किया जाएगा। राज्यपाल मिश्र ने इस संबंध में प्रकरणों का समयबद्ध निस्तारण करने के लिए जिला स्तर पर कलेक्टर की अध्यक्षता में समिति गठित कर कार्यवाही किए जाने के भी निर्देश दिए हैं।

राज्यपाल की अध्यक्षता में राजभवन में सैनिक कल्याण बोर्ड की बैठक में यह निर्णय लिए गए। बैठक में राज्यपाल ने पूर्व सैनिकों और उनके परिजनों के कल्याण के लिए चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं का प्रभावी और समयबद्ध क्रियान्वयन किए जाने के भी निर्देश दिए।

बैठक में सैनिक कल्याण मंत्रीराजेन्द्र सिंह गुढ़ा, राज्य स्तरीय सैनिक कल्याण सलाहकार समिति के अध्यक्ष मानवेंद्र सिंह जसोल, उपाध्यक्ष राम सहाय बाजिया, मुख्य सचिव उषा शर्मा सहित विभिन्न विभागों एवं सेना के अधिकारी उपस्थित रहे।

राज्यपाल मिश्र ने कहा कि शहीदों के परिजनों और पूर्व सैनिकों को समाज में समुचित सम्मान मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि शहीदों के आश्रितों की सामाजिक, पारिवारिक एवं आर्थिक समस्याओं का समाधान करने के लिए सभी को मिलकर कार्य करना चाहिए। उन्होंने कहा कि सैनिक कल्याण से जुड़ी विभिन्न योजनाओं और उन्हें प्रदान की जा रही सुविधाओं के बारे में व्यापक प्रचार प्रसार किया जाना चाहिए ताकि इनका अधिकाधिक लाभ पूर्व सैनिक और उनके परिजन ले सकें।

सैनिक कल्याण विभाग मंत्री राजेन्द्र सिंह गुढ़ा ने कहा कि राज्य सरकार ने पूर्व सैनिकों और शहीदों के आश्रितों के कल्याण के लिए महती कार्य किए हैं। उन्होंने शहीद आश्रितों को भूमि आवंटन के लम्बित प्रकरणों के निस्तारण के लिए विशेष प्रयास किए जाने पर जोर दिया। राज्य स्तरीय सैनिक कल्याण सलाहकार समिति के अध्यक्ष मानवेंद्र सिंह जसोल ने कहा कि केन्द्रीय पुलिस बलों से सेवानिवृत्त कार्मिकों की समस्याओं के समाधान के लिए भी विशेष तौर से प्रयास किया जाना चाहिए।



# डॉ. माल्या बने पुनः तीन वर्ष के लिए समर्पण संस्था के निर्विरोध अध्यक्ष

जयपुर **(हमारा वतन)** गत 13 वर्षो से मानवता व परोपकार के लिए समर्पित समर्पण संस्था के पंजीकृत सदस्यों की जनरल बॉडी मीटिंग का आयोजन करतारपुरा जयपुर स्थित समर्पण वस्त्र बैंक परिसर में किया गया। बैठक संस्था के संरक्षक व सेवानिवृत्त आईआरएएस सी. एल. वर्मा की अध्यक्षता में की गई ।

मीटिंग की शुरुआत समर्पण प्रार्थना के साथ की गई जिसे रामावतार नागरवाल ने प्रस्तुत किया। इस अवसर पर सदस्यों ने संस्था के संविधान की धारा 3,5, 6 ,11 व 12 में संशोधन प्रस्ताव पारित किया । प्रबन्ध कार्यकारिणी गठन के लिए मुख्य संरक्षक कमल नयन खण्डेलवाल को चुनाव अधिकारी नियुक्त किया गया । कमल नयन खण्डेलवाल ने गत वर्षो में डॉ. दौलत राम माल्या के नेतृत्व किये गये सेवा कार्यों की सराहना करते हुए पुनः अध्यक्ष के लिए नाम प्रस्तावित किया । जिसका सभी समर्पण सदस्यों ने ध्वनिमत से समर्थन किया । सदस्यों ने सर्व सम्मति से पुनः 3 वर्ष के लिए डॉ. माल्या को अध्यक्ष निर्वाचित किया और प्रबन्ध कार्यकारिणी गठित करने की ज़िम्मेदारी दी । डॉ. माल्या ने संस्था सदस्यों का धन्यवाद व आभार व्यक्त करते हुए समर्पित भाव से सेवा करने का प्रण लिया। इस अवसर पर संस्था के एज्युकेशनल एम्बेसेडर अभियान के पोस्टर का विमोचन भी किया गया।

# शिक्षा मंत्री बीडी कल्ला का कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत



चौमूं **(हमारा वतन)** राधा स्वामी बाग पर राजस्थान सरकार के शिक्षा मंत्री बीडी कल्ला के बीकानेर जाते समय चौमूं नगर पालिका पार्षद राजेश कुमार वर्मा और विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने फूल मालाओं से भव्य स्वागत कर उनको साफा पहनाया। इस अवसर पर कल्ला ने सरकार द्वारा बजट में चालू की गई जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में बताते हुए कार्यकर्ताओं को आमजन को इन योजनाओं का ज्यादा-ज्यादा लाभ दिलाने की बात कही। इस अवसर पर पीसीसी मेंबर एवं पार्षद महेंद्र लांबा, कन्हैयालाल थावरीया, अंतर्राष्ट्रीय भविष्यवक्ता पंडित रविंद्र आचार्य, पूर्व ब्लॉक के कांग्रेस अध्यक्ष लालाराम बलेसरा, पूर्व नेता प्रतिपक्ष शैलेंद्र चौधरी, बिहारीपुरा सरपंच सत्यनारायण शर्मा, प्रभात पंचोली, चौथमल मुवाल,रमेश विशिष्ट, शहजाद खान लोहानी, सांवरमल जाजड़ा, लालाराम जाजड़ा, सत्यनारायण बिजारणिया, राहुल दाधीच सहित दर्जनों कांग्रेसी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

**हमारा वतन**

खबरों, विज्ञापन एवं सदस्यता के लिए सम्पर्क करें ।

**Email-**
hamarawatan65@gmail.com
9214996258, 7014468512







## जॉब्स

1. एसएससी, पद सीजीएल, पद संख्या 7500, अंतिम तिथि 3 मई 2023
2. सीआरपीएफ, पद कॉन्स्टेबल टेक्निकल एंड ट्रेड्समैन, पद संख्या 9212, अंतिम तिथि 25 अप्रैल 2023
3. सेंट्रल कोलफील्ड लिमिटेड, पद विभिन्न पोस्ट, पद संख्या 230, अंतिम तिथि 19 अप्रैल 2023
4. न्यूक्लियर पावर कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड, पद एग्जीक्यूटिव ट्रेनी, पद संख्या 325, अंतिम तिथि 28 अप्रैल 2023
5. ईपीएफओ, पद स्टेनोग्राफर और एसएसए, पद संख्या 2859, अंतिम तिथि 26 अप्रैल 2023
6. एमपीएसईबी, पद ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी व अन्य, पद संख्या 1978, अंतिम तिथि 1 मई 2023
7. झारखंड स्टाफ सिलेक्शन कमीशन, पद लैब असिस्टेंट, पद संख्या 690, अंतिम तिथि 4 मई 2023
8. इग्नू, पद जूनियर असिस्टेंट कम टाइपिस्ट, पद संख्या 200, अंतिम तिथि 20 अप्रैल 2023

#मॉडल_स्टेट_राजस्थान

सत्यमेव जयते
राजस्थान सरकार



# अब राजस्थान में स्वास्थ्य का अधिकार

(Right To Health)

"चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना में 25 लाख रुपए तक का नि:शुल्क उपचार, नि:शुल्क दवा एवं जांच योजना, निरोगी राजस्थान अभियान, कोविड के बेहतरीन प्रबंधन सहित गांव-ढाणी तक चिकित्सा सुविधाओं को मजबूत कर राजस्थान स्वास्थ्य के क्षेत्र में मॉडल स्टेट बनकर उभरा है। अब हमने इन योजनाओं का लाभ प्रदेश की जनता को कानूनी गारंटी प्रदान करते हुए स्वास्थ्य का अधिकार के रूप में प्रदान किया है। यह एक प्रगतिशील कानून है जो संविधान के अनुच्छेद 47 और अनुच्छेद 21 के अनुरूप स्वास्थ्य के अधिकार की गारंटी देता है। मेरी अपेक्षा है कि देश के हर नागरिक को स्वास्थ्य का अधिकार मिले।"

**अशोक गहलोत**, मुख्यमंत्री, राजस्थान

## बेहतर स्वास्थ्य के लिए वर्तमान में संचालित योजनाएं

### मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना

**25 लाख**

रुपए का नि:शुल्क स्वास्थ्य बीमा
साथ में 10 लाख रुपए का दुर्घटना बीमा

### मुख्यमंत्री निःशुल्क निरोगी राजस्थान योजना

**समस्त इलाज नि:शुल्क**

सभी राजकीय चिकित्सा संस्थानों में इनडोर, आउटडोर,
समस्त प्रकार की जांचें, दवाई सहित

राजस्थान सरकार स्वास्थ्य योजना (RGHS) के तहत राज्य के कार्मिकों एवं पेंशनर्स को कैशलेस चिकित्सा सुविधा।

## अब प्रदेशवासियों को मिली निःशुल्क स्वास्थ्य योजनाओं की कानूनी गारंटी स्वास्थ्य का अधिकार (RTH)

## स्वास्थ्य का अधिकार बिल के महत्वपूर्ण प्रावधान

- राजकीय एवं डेजिग्नेटेड निजी चिकित्सा संस्थानों में ओपीडी, आईपीडी, सलाह, दवाइयां, जांच, परिवहन, प्रक्रिया, आपातकालीन केयर निःशुल्क।
- डेजिग्नेटेड अस्पताल में आपातकालीन उपचार के बाद यदि मरीज अस्पताल को भुगतान नहीं करता है तो सरकार उसका पुनर्भरण करेगी।
- दवा प्राप्त करने या जांच करवाने के स्थान को चुनने का अधिकार।
- पुलिस रिपोर्ट प्राप्त नहीं होने पर भी इलाज।
- इलाज के बारे में पूरी जानकारी लेने का अधिकार।
- इलाज के बारे में किसी दूसरे डॉक्टर या अस्पताल से राय लेने का अधिकार।
- एक्ट में शिकायत निवारण तंत्र का भी प्रावधान।
- डेजिग्नेटेड अस्पतालों को समय पर भुगतान के लिए ऑटो अप्रूवल का प्रावधान।
- प्राधिकरण के निर्णय के विरुद्ध सिविल न्यायालय में जाने का अधिकार।

RTH में समस्त सरकारी चिकित्सा संस्थानों के साथ ही डेजिग्नेटेड निजी चिकित्सा संस्थान शामिल हैं।
डेजिग्नेटेड अस्पतालों का दायरा चरणबद्ध तरीके से बढ़ाया जाएगा।
RTH में शामिल डेजिग्नेटेड निजी अस्पतालों को अतिरिक्त सुविधाएं दिया जाना प्रस्तावित।

स्वास्थ्य के अधिकार के प्रभावी क्रियान्वयन में चिकित्साकर्मियों एवं चिकित्सकों की महत्वपूर्ण भूमिका है। इसलिए RTH में इनके सम्मान से जुड़े प्रावधान रखे गए हैं, साथ ही अस्पतालों, चिकित्सा कार्मिकों तथा नागरिकों के अधिकार, कर्तव्यों एवं दायित्वों का भी उल्लेख किया गया है। हम सबका दायित्व है कि चिकित्साकर्मियों का सम्मान करें।

राजस्थान चिकित्सा परिचर्या सेवाकर्मी और चिकित्सा परिचर्या सेवा संस्था (हिंसा व संपत्ति के नुकसान का निवारण) अधिनियम, 2008 और SOPs 29 मई 2022 के द्वारा चिकित्सकों को सुरक्षा।

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, राजस्थान

राजस्थान संवाद

टिकिट

हमारा वतन साप्ताहिक
HamaraWATANWeekly संस्थापित 1965
राष्ट्रीय विचारधारा की सर्वोत्तम अभिव्यक्ति का प्रतीक

क्या ख़ाक़ लिखे कोई, बरगश्ता ज़माना है,
कांटों पै भी चलना है, दामन भी बचाना है।

# दुनिया की सेहत में कहीं....

आज विश्व स्वास्थ्य दिवस है। यह सिर्फ इसलिए खास नहीं है कि इस दिन विश्व स्वास्थ्य संगठन का संविधान लागू हुआ था, बल्कि इसलिए भी कि आरोग्य जीवन का आधार है। इस साल कई कारणों से यह दिवस खास बन गया है। भारत ने जहां अपनी आजादी की 75वीं वर्षगांठ मनाई, तो विश्व स्वास्थ्य संगठन अपनी स्थापना का 75वां वर्ष पूरा कर रहा है। इसके अलावा, भारत ने इस साल जी-20 की अध्यक्षता भी संभाली है, जिसमें हमने 'एक धरती, एक परिवार और एक भविष्य' की राह गढ़ी है। बीमारियों की बात करें, तो पिछले तीन वर्षों में कोविड-19 महामारी ने बताया है कि वैश्विक रूप से जुड़ जाने के कारण अब सिर्फ स्थानीयता पर जोर देने से काम नहीं चलेगा। सेहतमंद जीवन के लिए हम सबको 'एक स्वास्थ्य' पर आगे बढ़ना होगा, जिसका अर्थ है- मानव, पशु और पर्यावरण के स्वास्थ्य में परस्पर जुड़ाव। इसको लेकर दुनिया के सभी हिस्सों में समझ बढ़ाने की जरूरत है।


राम गोपाल सैनी

विश्व स्वास्थ्य दिवस दुनिया भर में सेहत के मोर्चे पर मिली सफलता और आगामी चुनौतियों का भी एक अक्स है। पिछले 75 वर्षों में संक्रामक रोगों से निपटने में हमें उल्लेखनीय सफलताएं मिली हैं। इनमें चेचक उन्मूलन एक ऐतिहासिक उपलब्धि है, जबकि पोलियो उन्मूलन के कगार पर है। टीबी व मलेरिया पर भी हमने उल्लेखनीय नियंत्रण पा लिया है। एक बड़ी चुनौती के रूप में उभरी एचआईवी/ एड्स की कहानी भी इससे अलग नहीं है। करीब 45 साल पहले, 1978 में वैश्विक समुदाय ने प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं पर ध्यान देने का संकल्प लिया था, जिसने स्वास्थ्य तंत्र में सुधार को गति दी। टीकाकरण अभियानों की शुरुआत ने कई घातक बीमारियों से बचाने में मदद की और बच्चों की मृत्यु दर में सुधार आया। इन वर्षों में अंतरराष्ट्रीय स्वास्थ्य विनियमन (1969 में लागू हुआ, जिसमें 2005 में संशोधन किया गया) भी संभव हुआ, जो वैश्विक स्वास्थ्य सहयोग के मामले में एक अहम मोड़ साबित हुआ है।हालांकि, कई चुनौतियां हमारे सामने हैं। हमने कई पुराने संक्रामक रोगों पर काबू तो पा लिया, मगर अब वायरस जनित बीमारियां फिर से उभरने लगी हैं। इनमें जूनोटिक रोग (जानवरों से मनुष्यों में फैलने वाले वायरसजनित रोग) हमारे लिए कहीं ज्यादा चिंता के कारण हैं। इसीलिए, दुनिया भर में महामारी का खतरा बढ़ गया है। ऐसी बीमारियों से निपटने और पूर्व-तैयारी के लिए तमाम देशों को मिलकर काम करना होगा। अभी अपने देश में एक बार फिर कोविड के मामले बढ़ने लगे हैं। इससे बेशक खबरों का बाजार गरम है, लेकिन यह वृद्धि हमारे लिए बहुत चिंता का विषय नहीं है। 'सार्सकोव-2' अब महामारी है और नियमित अंतराल पर इसमें इस तरह के उतार-चढ़ाव देखने को मिल सकते हैं। अब अधिक ध्यान केवल उन मामलों पर लगाना होगा, जिनमें वायरस का प्रभाव मध्यम या गंभीर हो सकता है। जैसे-जैसे मामले बढ़ रहे हैं, यह जरूरी है कि उच्च जोखिम वाले समूहों में से जिन लोगों ने अब तक टीके की तीसरी खुराक नहीं ली है, वे तत्काल इसे लगवाएं।

## अति आवश्यक सूचना

पाठकों व विज्ञापनदाताओं से निवेदन है कि जिनका सालाना सदस्यता शुल्क व विज्ञापनों का भुगतान नहीं हो पाया है वे अपना शुल्क 'हमारा वतन के नाम से खाता संख्या 61079058819' एसबीआई (IFSC Code- SBIN0004227) में या 9214996258 पर फोन-पे, पेटीएम, गुगल-पे पर जमा कराकर सूचित करें।

\- सम्पादक

पुनीत प्रतिष्ठा में :-

# देवंदा के चौमूं पश्चिम ब्लॉक के अध्यक्ष बनने पर कार्यकर्ताओं ने किया पूर्व विधायक का सम्मान




चौमूं **(हमारा वतन)** गिरिराज देवंदा को चौमूं पश्चिम ब्लॉक का अध्यक्ष बनाए जाने पर पश्चिम ब्लॉक के कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पूर्व विधायक भगवान सहाय सैनी के निवास स्थान पर जाकर माला व साफा पहनाकर स्वागत सम्मान किया एवं मिठाई खिलाकर उनको धन्यवाद दिया। पूर्व विधायक ने कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर नांगल गोविंद सरपंच प्रतिनिधि बाबूलाल गढ़वाल, पूर्व सरपंच गोपीराम घोसल्या, पूर्व सरपंच रामचंद्र रोलानिया, पार्षद सायर सैनी, पूर्व पंचायत समिति सदस्य सेवाराम मावलिया, पूर्व ब्लाक अध्यक्ष कृष्णकांत जोशी, जिला परिषद प्रतिनिधि अश्वनी कुमार, सत्यनारायण शर्मा, युवा नेता पूर्ण सिंह खर्रा, जगदीश ठेकेदार, सरपंच मनोज अटल, सरपंच महेंद्र मीणा, पूर्व सरपंच रामस्वरूप शोकरिया, सरपंच प्रतिनिधि अशोक यादव, पंचायत समिति सदस्य कैलाश यादव, गोपाल गुलिया, पूर्व मैनेजर मालीराम यादव, पूर्व पंचायत समिति सदस्य संतोष सैनी, अर्जुन सिंह निठारवाल, सुभाष बोचलिया, सूरजमल देवंदा, एडवोकेट रामदेव, जीएसएस अध्यक्ष हरफूलसिंह गढवाल, रामदयाल कुमावत, मास्टर गौरी शंकर कुमावत, नाथूराम खोडल्या, मिलापचंद बुनकर, भोलाराम मीणा, प्रकाश डागर, सूरज सैनी, रविन्द्र निठारवाल, युवा नेता रामकिशोर सैनी, शंकर बलेखण, अभिषेक मोरदिया, बाबूलाल चोपड़ा, महावीर बिजारणियां, मामराज घोसल्या सहित अन्य कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बिझौली में निकाली नव प्रवेश को लेकर रैली

उत्तराखंड **(हमारा वतन)** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बिझौली, जनपद, हरिद्वार में नए शैक्षणिक सत्र में प्रवेश को लेकर पर्यावरण मित्र और शिक्षक अशोक पाल सिंह के नेतृत्व में बच्चों का स्कूल में प्रवेश कराने को लेकर रैली निकाली गई । इस दौरान सुधीर सैनी, इसराना ,खातून, मुहम्मदअबुजर, अरमान मलिक, चाँद, करण, सोनम नबिया ,रितिक ,अक्षय आदि ने स्कूल चलो अभियान में प्रतिभाग किया ।




# मोना वर्मा बनी राजस्थान घूमर क्वीन सीजन 4 की विजेता








जयपुर **(हमारा वतन)** राजस्थान की संस्कृति को जीवित रखने के लिए सद्भावना परिवार द्वारा पिंक सिटी जयपुर के मानसरोवर स्थित पोद्दार कॉलेज के ऑडिटोरियम में आयोजित राजस्थान घूमर क्वीन सीजन 4 के ग्रांड फिनाले का आयोजन किया गया, जिसमें प्रदेशभर की प्रतिभाओं ने अपने टैलेंट का प्रदर्शन किया । राजस्थान घूमर क्लीन सीजन 4 की विजेता मोना वर्मा रही । वहीं फर्स्ट रनर अप प्रतिमा भारद्वाज और सेकंड रनर अप अलका श्रीवास्तव रही । विजेताओं ने कहा की यहाँ तक पहुँचना चुनौती पूर्ण रहा ।सभी को हार नहीं मानकर अंत समय तक प्रयास करना चाहिए सफलता जरूर मिलेगी । विजेताओं को ट्राफी, गिफ्ट वाउचर और प्राइज प्रदान किए ।

शो डायरेक्टर रोहित शर्मा ने बताया कि आजभी महिलाओं को घर की दहलीज़ से बाहर निकाल कर उनको मंच प्रदान करना चुनौती भरा काम है ,जो हमारी टीम द्वारा लगातार किया जा रहा है । इस दौरान शो डायरेक्टर रोहिर शर्मा की बेटी का जन्मदिन भी केक काटकर मनाया गया ।

सद्भावना परिवार के प्रेसिडेंट मनोज पांडे ने बताया कि सद्भावना परिवार लगातार समाज में महिला सशक्तिकरण, समरसता, जरूरतमंदों की सहायता और बेजुबानों की सेवा के लिए निरंतर कार्य कर रहा है ।

शो को जज कर रही घूमर क्वीन सीमा सेठी, कोरियोग्राफर आरती माथुर और दीपाली गुप्ता ने बताया कि सभी पार्टिसिपेंट्स ने एक से बढ़कर एक गानों पर डांस किया, जिनमें से किसी एक को विजेता चुनना हमारे लिए भी चुनौतीपूर्ण रहा ।

कार्यक्रम में सद्भावना परिवार की वूमंस विंग की अध्यक्ष शिव कांता पांडे, चमन विजय, सुनीता यादव, सुजाता शर्मा और मुस्कान परवानी सहित सैकड़ों की संख्या में लोग मौजूद रहे ।

RNI No. 10311/1965
स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, सम्पादक राम गोपाल सैनी के लिए उदय प्रिन्टर्स 43 ए, माली कॉलोनी, चांदपोल बाहर, जयपुर से मुद्रित तथा वार्ड नं.1, सामोद रोड़ नीमड़ी, ग्राम-मोरीजा, तहसील-चौमूँ, जिला-जयपुर से प्रकाशित , मो. 9214996258, 7014468512
सहायक सम्पादक: राकेश तिवाड़ी
प्रबंध सम्पादक : वली मोहम्मद कुरैशी, मो. 9929610759
सभी प्रकार के वाद-विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर शहर होगा